**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**23.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**प्रधानमंत्री– नेताजी**

आज पराक्रम दिवस है। यह दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज नई दिल्ली में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दोहराया है कि देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस से प्रेरणा लेकर विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को आराम के दायरे से बाहर निकलकर नेताजी की उसी दक्षता पर ध्यान देते हुए उत्कृष्टता को अपनाना चाहिए जैसा बोस ने देश की स्वाधीनता के लिए चुनौतियों से निपटने के लिए किया था।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िले के ढगवार में डेढ़ लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण सयंत्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सयंत्र से क्रियाशिल होने के बाद कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और ऊना ज़िलो के किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी, जिससे 35 हजार से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सयंत्र के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरी धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है और इसका निर्माण कार्य फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दूध की दरों में वृद्धि के बाद मिल्क फैड की दैनिक दूध खरीद क्षमता बढ़कर दो लाख 10 हजार लीटर हो गई है।

**नाबार्ड सम्मेलन**

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा आज शिमला में स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया गया। सैमिनार का उदघाटन मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने किया। इस दौरान प्रदेश के लिए 42 हजार 2 सौ 43 करोड़ 83 लाख रुपये की क्रैडिट क्षमता का अनावरण किया गया। मुख्य सचिव ने नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर भी जारी किया और उम्मीद जताई कि प्रदेश में नाबार्ड के सहयोग से विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने ग्रामीण विकास में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश से अधिक महत्व देने की आवश्यकता बताई।

सम्मेलन में नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर विवेक पठानिया ने कहा कि नाबार्ड द्वारा हर वर्ष की भांति प्रदेश में सड़क निर्माण, सिंचाई और पेयजल सहित अन्य योजनाओं के लिए इस वर्ष भी 9 सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**अभियान**

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने शिविर का शुभारम्भ किया और इसे एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को खून की बेहद जरूरत रहती है और ऐसी स्थिति में ब्लड बैंक में रक्त का होना जरूरी है। उपायुक्त ने सभी से रक्तदान की अपील भी की ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

..........................................................................................................................................